भारत सरकार
पृथ्वी विज्ञान मंत्रालय
भारत मौसम विज्ञान विभाग
मौसम विज्ञान के उपमहानिदेशक का कार्यालय
प्रादेशिक मौसम केंद्र
डॉ. बाबासाहब अंबेडकर अंतरराष्ट्रीय एयरपोर्ट
नागपुर - 440005

Government of India
Ministry of Earth Sciences
India Meteorological Department
O/o Dy.Director General of Meteorology
Regional Meteorological Centre
DBAI Airport
Nagpur - 440005

मिसिल क्र. टीओ-252(AWS/ARG)   दि. 08 सितम्बर, 2023

विषय: प्रादेशिक मौसम केंद्र, नागपुर की AWS वेधशाला में मरम्मत कार्य के लिए निविदाएं भेजने बाबत।

प्रादेशिक मौसम केंद्र, डॉ. बाबासाहब अंबेडकर अंतरराष्ट्रीय विमानतल नागपुर – 440005 की AWS वेधशाला में निम्न मरम्मत कार्य के लिए, निम्नलिखित नियम एवं शर्तों के तहत मुहरबंद निविदाएं आमंत्रित की जा रही हैं।

आपकी निविदाएं मुहरबंद लिफाफे में, "उपमहानिदेशक कार्यालय प्रादेशिक मौसम केंद्र, डॉ. बाबासाहब अंबेडकर अंतरराष्ट्रीय विमानतल नागपुर – 440005" पते पर इस कार्यालय को दि 18/09/2023 तक या उससे पहले पहुँच जाना चाहिए। इसके बाद प्राप्त हुई निविदाएं निरस्त मानी जाएगी।

मुहरबंद निविदाओं के लिफाफों पर "प्रादेशिक मौसम केंद्र, नागपुर की AWS वेधशाला में मरम्मत कार्य" ये लिखा होना अनिवार्य होगा। यह कार्यालय सुबह 09:30 से शाम 06:00 तक चालू राहत है।

निम्नलिखित कार्य प्रादेशिक मौसम केंद्र, नागपुर में किया जाना है।

1) कान्क्रीट फाउंडेशन तैयार कर के मास्ट हेतु स्टे वायर लगाना।
2) टावर बेस को वेल्डिंग कर सीधा करना।
3) स्थापित उपकरणों तक पहुँचने हेतु रास्ता बनाना।
4) कम्पाउन्ड की सफाई तथा पेंटिंग करना।
5) मास्ट की मानक रंगों में पेंटिंग करना।
6) गेट ठीक करना।
7) AWS वेधशाला का बोर्ड बनाना।

साइट पर उपस्थित सक्षम अधिकारी द्वारा दिए गए दिशा निर्देशों का पालन करना होगा।

नियम एवं शर्तें

1. फर्म/कंपनी को सिविल कार्य करने का कम से कम दो से तीन वर्षों का अनुभव होना चाहिए।
2. निविदाओं में दर्शाए गए दर (Rate) कम से कम 180 दिनों के लिए वैध रहेंगे।
3. कार्यालय द्वारा कोई कार्टिंग शुल्क का भुगतान नहीं किया जाएगा।
4. कार्य आदेश जारी होने के 30 दिनों के भीतर कार्य पूर्ण करना होगा।
5. उपमहानिदेशक, प्रा.मौ.कें. नागपुर, किसी भी या सभी निविदाओं को बिना कोई कारण बताए स्वीकार या अस्वीकार करने का अधिकार सुरक्षित रखता है।
6. किसी भी विवाद के मामले में उपमहानिदेशक, प्रा.मौ.कें. नागपुर का निर्णय अंतिम और सभी के लिए बाध्यकारी होगा। मध्यस्थता का अधिकार नागपुर क्षेत्र में रहेगा।
7. उपमहानिदेशक, प्रा.मौ.कें. नागपुर ही मध्यस्थ को नियुक्त करेगा।
8. प्रमाणित कार्य, संबंधित अधिकारियों द्वारा पूर्ण होने की पुष्टि होने के बाद ही भुगतान जारी किया जाएगा।
9. किसी भी स्थिति में भिन्नता स्वीकार नहीं की जाएगी।

09/09/2023

(डॉ श्रीकांत टी एस)
वैज्ञानिक – "डी"
कृते कार्यालय प्रमुख, प्रादेशिक मौसम केंद्र, नागपुर

Tel: 91-712-2282397 Mob: 9921422911 Email: is.unit213@gmail.com www.imdnagpur.gov.in